Name of publication: Dainik Bhaskar

December 10, 2019

कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित

तावडू, 10 दिसम्बर (आ): मंगलवार को सहगल फांउडेशन के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व ग्राम पंचायत निजामपुर के साथ मिलकर गांव गुरनावट में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सीजेएम श्रीमति नीरू कंबोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आस पास से आए ग्रामीणों ने शिविर में सीएचसी के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओ व कानूनों की जानकारी दी गई। कैम्प में कुल दस स्टाल लगाई गई जिनमें सहगल फांउडेशन के डायरैक्टर डॉ. विकास झा ने लोगों को सारी जानकारी उपलब्ध कराई। वहीं महिला एवं बाल संरक्षण अधिकारी श्रीमति मधु जैन ने महिलाओं के अधिकारों के बारे में जागरूक किया। जिला बागवानी विभाग से डॉ. विरेंद्र व डॉ. नीतीश, महिला व बाल विकास विभाग से सुपरवाईजर शिंपी आदि ने अपने अपने विभागों के बारे में विस्तृत जानकारी सांझा की। वहीं शिविर में आए अतिथियों का शाल ओढाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सहगल फांउडेशन से मौ. आरिफ सहित सभी कार्यकर्ता व सरपंच दयावती सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

कैम्प में महिलाओं को संबोधित करती सीजेएम नीरू कंबोज।

Legal Literacy Camp organized

A legal literacy camp was organized in village Gurnawat jointly by Sehgal Foundation and District Legal Services Authority (DLSA). DLSA chief judicial magistrate joined the camp as chief guest. Villagers participated and received information through ten stalls set up at the camp that gave information about various government programs.